Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding setting up of Centre for Rural Health by AIIMS, Jodhpur in Pali Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): मैं सरकार का ध्यान पश्चिमी राजस्थान में मेरे संसदीय क्षेत्र पाली की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूँगा कि यहाँ के ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की भारी कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।

जोधपुर शहर में अच्छी चिकित्सा सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज और एम्स जैसे संस्थान उपलब्ध हैं । एम्स जोधपुर द्वारा व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में सेन्टर फार रूरल हेल्थ स्थापित किया जाना प्रस्तावित है । इस सेन्टर के माध्यम से एम्स में कार्यरत डाक्टरों व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ग्रामीण क्षेत्र में प्रशिक्षण हेतु उक्त सेन्टर पर भेजा जाएगा । इन सेंटर्स पर इंडोर व आऊट डोर मरीज सेवा के अतिरिक्त हास्टल, ऑपरेशन थियेटर, वेक्सीनेशन व एम्बूलेंस सहित समस्त चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध हो सकेगी ।